एक नजर में

भैरव डूंगरी पर लगा भक्तों का तांता

शाजापुर, 29 जुलाई . गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर में कई स्थानों पर धार्मिक आयोजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा. शहर के प्राचीन और रमणीय स्थल भैरव टेकरी पर हजारों भक्तों ने श्रद्धा के साथ भैरव बाबा के चरणों में माथा टेका. 999 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित भैरव डूंगरी की 511 सीढ़ियां चढ़कर भक्त नगर कोतवाल के दर्शन करने पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया. तो वहीं लालघाटी स्थित बापू की कुटिया पर पंच कुंडीय महायज्ञ की पूर्णाहूति हुई. बुधवार को आषाढ़ी पूर्णिमा पर घर-घर में भैरव महाराज की पूजा हुई. साथ ही कई स्थानों पर गुरु का पूजन भी किया गया. इसके लिए विभिन्न मंदिरों में मंगलवार को सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी. भंसाली मोहल्ला स्थित भैरव मंदिर पर पूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना की गई. यहां सुबह भैरव महाराज का विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई. उसके बाद हवन हुआ. वहीं शाम को महाआरती की गई. इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया. वहीं भैरव टेकरी पर भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा. यहां वर्ष में एक बार ही श्रद्धालु हजारों की तादात में पहुंचते हैं. बता दें सुबह करीब 6 बजे से ही भैरव डूंगरी के पुजारी द्वारा बाबा भैरव नाथ का अभिषेक कर श्रृंगार व पूजन किया. इसके बाद से ही वहां लोगों का आना शुरू हो गया और यह सिलसिला शाम तक जारी रहा, तो शाम को भी नगर कोतवाल के दरबार में भारी भीड़ जमा थी. शाम को भैरव डूंगरी पर बाबा भैरव नाथ की महाआरती कर पूजन-अर्चन किया गया. लालघाटी स्थित बापू की कुटिया पर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पंच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा था. पांच दिवसीय यज्ञ में पंडित रोजाना सुख-समृद्धि के लिए आहुति दे रहे थे. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई. इस अवसर पर बापू की कुटिया पर हजारों की संख्या में भक्तजनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया. शहर के नित्यानंद आश्रम, ब्रह्मकुमारी आश्रम पर भी गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया. वहीं नागनागनी रोड स्थित अखंड आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया. यहां शहरवासियों ने गुरु जी का आशीर्वाद लिया. सोमवारिया बाजार स्थित भैरव महाराज के मंदिर में भी व्यवसायियों द्वारा पूजा-अर्चना कर महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया.

सविमं में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

शाजापुर, 29 जुलाई . बुधवार को दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और गुरु महर्षि वेद व्यास के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर की गई. मुख्य अतिथि सीबीएसई संस्था के प्राचार्य राहुल देशमुख और एमपी बोर्ड माध्यम के प्राचार्य देवकरण शर्मा रहे. अतिथियों का परिचय शिक्षक मनोज बैरागी ने करवाया और स्वागत शिक्षक चेतन गोस्वामी और अक्षय पाटीदार ने किया. संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका रचना बहल ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के उपरांत किशोर वर्ग के विद्यार्थियों ने शिक्षकों का पूजन कर उन्हें पेन उपहार में दिया. संचालन शिक्षिका संगीता पाटीदार ने किया. आभार शिक्षिका माधुरी भावसार ने माना. जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी मोहित भावसार ने दी.

बीकेएसएन कॉलेज में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

शाजापुर, 29 जुलाई . पीएमश्री बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया. भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बीएल मालवीय ने अतिथि परिचय दिया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ. छात्राओं द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई. मुख्य अतिथि के रूप में महंत श्रीराम जानकीदास तथा मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश बिरमाल उपस्थित रहे. सभी अतिथियों का श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया. अध्यक्षीय उद्बोधन प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने दिया. संचालन प्रो. प्रिया जोशी ने किया. आभार डॉ. दिलीप महेश्वरी ने माना.

गर्ल्स कॉलेज में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

शाजापुर, 29 जुलाई . किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती और महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के बाद सरस्वती वंदना से किया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा एवं लेखा प्रभारी जेपी माथुर का प्रभारी प्राचार्य यतीश धाकड़ ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया. अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पौधारोपण भी किया गया. पूर्व प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला. लेखा प्रभारी जेपी माथुर ने भगवान श्रीकृष्ण और महर्षि सांदीपनि का उदाहरण देकर गुरु पूर्णिमा पर्व का महत्व बताया. प्रभारी प्राचार्य यतीश धाकड़ ने कहा कि यह पर्व गुरु-शिष्य के अटूट संबंध, ज्ञान की महिमा और संस्कारों के महत्व को समर्पित है. सहायक प्राध्यापक सुश्री सोनू कनेश ने कहा कि गुरु ही हमें अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं. इसलिए सभी को गुरु का सम्मान करना चाहिए. कार्यक्रम में गुरु-शिष्य संबंधों पर आधारित वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया. अंत में उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी छात्राओं को दिखाया गया. संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर डॉ. मंजूला भालसे, अनिल कुमार नागर, आदित्य सक्सेना, नरेन्द्र कुमार भाटी, शंकरलाल कुशवाह सहित छात्राएं मौजूद थी.

एसपी का नवाचार : हर थाने पर होगी साइबर अपराध की सुनवाई

जिला मुख्यालय पर आने की आवश्यकता नहीं, हर थाने पर तैनात है साइबर सेल

शाजापुर, 29 जुलाई. अभी तक साइबर की ठगी या साइबर फ्रॉड को लेकर जिला मुख्यालय पर लोगों को शिकायत दर्ज कराना पड़ती थी. थाने में भी यदि साइबर फ्रॉड की शिकायत करें, तो थाने वाले भी जिला मुख्यालय की साइबर सेल की ही मदद लेते थे, लेकिन अब नवागत एसपी श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने जिले के सभी थानों में साइबर विशेषज्ञ पुलिसकर्मियों की तैनाती की है. अब जनता के साथ यदि साइबर फ्रॉड होता है, तो उसे जिला मुख्यालय की जगह थाने पर ही राहत मिलेगी.

यह नवाचार संभवत: मप्र में पहला नवाचार कहा जा सकता है. मेट्रो शहरों को छोड़कर प्रदेश के 52 जिलों में से शाजापुर एकमात्र ऐसा जिला है, जहां पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने आम जनता को साइबर फ्रॉड से तत्काल राहत के लिए हर थाने पर साइबर सेल गठित कर साइबर अपराधों पर लगाम लगाने का नवाचार शुरू किया है. इस संबंध में जो नव आरक्षक प्रशिक्षित होकर आए हैं, उनमें से कई पुलिसकर्मियों ने साइबर का भी अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त किया है और उन्हीं को जिले के थानों में पदस्थ किया गया है.

समय बचेगा, घटना पर तत्काल रोक लगेगी

अभी तक जिला मुख्यालय से दूर के क्षेत्रों में हुए साइबर अपराधों में ये सामने आया है कि पीड़ित को शिकायत के लिए वहां से जिला मुख्यालय तक आने में कई घंटों का सफर तय करना पड़ता था. इतनी देर में आरोपी पीड़ित के खाते खाली कर देते थे, लेकिन अब थाना स्तर पर साइबर सेल की सुविधा शुरू होने से पीड़ित तत्काल थाने पर जाकर शिकायत कर पाएगा, जिससे उसके समय की बचत होगी. साथ ही घटना पर भी तत्काल रोक लग सकेगी.

आमजनों को मिलेगी राहत...

जिले के किसी भी कोने में यदि किसी भी आम आदमी के साथ साइबर फ्रॉड या मोबाइल गुमना या साइबर संबंधी अपराध होता था, तो उसे जिला मुख्यालय पर साइबर सेल ऑफिस आना पड़ता था, लेकिन अब साइबर फ्रॉड की शिकायत के लिए आमजनों को अपने ही संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करने से तत्काल राहत मिल सकती है. पहले यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड हुआ है, तो वह थाने में आवेदन देता था, लेकिन थाने वाले भी उसे साइबर सेल भेज देते थे. अब हर थाने में साइबर सेल गठित होने से साइबर अपराधों पर भी तत्काल रोक लगेगी और लोगों को भी साइबर सेल आने से मुक्ति मिलेगी.

इंदौर-भोपाल के बाद अब शाजापुर का हर थाना साइबर से जुड़ा

अभी तक हर थाने में साइबर सेल के कर्मचारी केवल महानगर इंदौर, भोपाल में ही पदस्थ थे, लेकिन अब पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने महानगरों की तर्ज पर शाजापुर जिले के थानों को भी साइबर सेल से जोड़ दिया है. अब हर थाने पर आपको साइबर अपराधों से जुड़ी घटनाओं को शिकायत का निराकरण करने के लिए विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे.

इनका कहना है

जिले के सभी थानों में प्रशिक्षित नव आरक्षकों को साइबर सेल की अच्छी जानकारी है. इसलिए उन्हें हर थाने पर पदस्थ किया गया है. ताकि लोगों को साइबर ठगी जैसे अपराध से तत्काल राहत मिले और आरोपियों को पकड़ने में मदद मिल सके.

- श्रीमती प्रियंका शुक्ला, एसपी-शाजापुर

सात प्रखंड के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आज

सुसनेर, 29 जुलाई. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा गुरुवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद कॉलेज सुसनेर में किया जाएगा. प्रतियोगिता में आगर मालवा जिले के सातों प्रखंडों के खिलाड़ी भाग लेंगे और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे.

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आने वाली टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे. आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है. प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, संगठनात्मक एकता तथा शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखा गया है. कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रांत एवं क्षेत्र स्तर के अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. उनके साथ जिला, प्रखंड एवं खंड स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी आयोजन में शामिल होंगे. आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. खिलाड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा दर्शकों से भी समय पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करती हैं. इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाता है. जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता भी इसी श्रृंखला का महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा.

हर हाथ को काम और हर आंख में खौफ

शाजापुर पुलिस का निजाम बदलते ही हर पुलिसकर्मी के हाथ में काम है और हर पुलिसकर्मी की आंख में खौफ है. टालमटोल संस्कृति पर पूर्ण विराम लग गया है. जिले के थानों पर फरियादियों को टरकाने की संस्कृति का और नेताओं के इशारे पर रोजनामचा बढ़ाने की संस्कृति का जो उदय हुआ था, अब ये संस्कृति अस्त की ओर है. जो काम करेगा, वो कुर्सी पर टिकेगा. अब हर थाने में तैनात खाकी के हर हाथ को काम है. जुआं पकड़ना, सट्टा पकड़ना, अवैध कामों पर रोक लगाना और जो ये नहीं कर पाता है, उसे अपने हटने का खौफ भी सताता है. जिले के थानों में पुलिसकर्मी दहशत में हैं, लेकिन ये खौफ नकारात्मक नहीं, बल्कि अनुशासन और उत्तर दायित्व का पर्याय बन चुका है. भले ही पुलिस महकमे में इस सख्ती से हड़कम्प मचा हो, पुलिसकर्मियों में दहशत हो, लेकिन इसका सकारात्मक प्रभाव आम जनता पर पड़ रहा है. अभी तक मस्त, मस्ती और सुस्ती के आलम में नौकरी चल रही थी, लेकिन अब सुस्ती चुस्ती में बदल गई है और मस्ती अनुशासन में. यही कारण है कि रोज किसी न किसी थाने से अपराध के मामले उजागर हो रहे हैं. 20 दिन में ही दो थाना प्रभारियों को रोजगार (टीआई की कुर्सी) से हाथ धोना पड़ा. जो अभी थाने में रोजगार से लगे हैं याने कि टीआई की कुर्सी पर बैठे हैं, वे सूत और सांवल में चल रहे हैं. जहां पहले एक थाना एक जुआं की स्कीम लॉन्च थी, अब न जुआरी दिख रहे हैं और न ही सटोरिये.

पहले धृतराष्ट्र थे, अब संजय हो गए...

पहले खुलेआम सट्टे की पर्चियां बाजार दर्शन करती थी. जन कल्याण शिविर जैसे सट्टे के शिविर लगते थे, लेकिन कभी भी ये सट्टे के शिविर पुलिस को नजर नहीं आए. लेकिन अब ऑनलाइन सट्टा भी पुलिस पकड़ रही है. जिस पुलिस को पहले कभी सट्टे की पर्ची और जुएं की फड़ नजर नहीं आती थी, आज वही पुलिस संजय बनकर दूर से ही ऑनलाइन सटोरियों की भी धरपकड़ कर रही है. याने पुलिस पहले धृतराष्ट्र बनी हुई थी, लेकिन अब पुलिस के पास संजय की आंखें आ गई है और वह दूर से ही अपराध और अपराधियों की धरपकड़ कर रही है.

अब दारु का ही सहारा...

थाने-थाने सट्टा, जुआं बंद होने के बाद अब पुलिसकर्मियों के सामने केवल दारु की बंदी का ही सहारा है. क्योंकि सट्टा और जुआं यदि चला और किसी भी हरिराम ने मुखबिरी की, तो थाना प्रभारी बेरोजगार भी हो सकते हैं. इसलिए अब दारु की बंदी पर ही ईमानदारी से नौकरी की जा रही है.

दो स्टारों को काम, तीन स्टार कर रहे हैं आराम

शाजापुर जिले के तीन थानों में दो स्टार काम पर लगे हुए हैं और तीन स्टार पुलिस लाइन में आराम कर रहे हैं. कालापीपल, बड़ोदिया, सुनेरा सब इंस्पेक्टर के हवाले है. तो लाइन में प्रेम भी है, संजय भी है, भीम भी है और प्रवीण भी है. संजय और भीम के हटने का कारण जुआं था. अब देखना है कि जिले के तीन थानों पर तीन स्टार तैनात होते हैं या फिर दो स्टार ही तैनात रहेंगे.

अंत में...

हींग लगे न फिटकरी, फिर भी रंग चौखा. सात महीने से एसडीओपी पद खाली होने से बिना आउट गोइंग के साहब की इनकमिंग चालू है.

रोजगार मेला 6 को

शाजापुर, 29 जुलाई. शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिपं द्वारा 6 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन महाविद्यालय शाजापुर में एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला लगेगा. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र की कंपनियों के द्वारा रिक्त लगभग 300 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक चयन करेंगे.

खेत में फिर गिरा मौसम विभाग का सर्वेक्षण उपकरण

ड्रोन समझ अपने साथ ले गए ग्रामीण, पुलिस को सौंपा

शाजापुर, 29 जुलाई. जिले के ग्राम तिंगजपुर में बुधवार दोपहर मौसम विभाग का सर्वेक्षण उपकरण आसमान से खेत में गिर गया. हीलियम गुब्बारे के साथ गिरे इस उपकरण को शुरुआत में ग्रामीणों ने ड्रोन समझाए जिसे देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. इसके बाद लोगों ने इसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया.

तिंगजपुर निवासी देवकरण चंद्रवंशी ने दोपहर करीब एक बजे बीएसएनएल टावर के पास अपने खेत में एक बड़ी वस्तु को नीचे आते देखा. गुब्बारे के नीचे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगी देख ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 और सलसलाई थाना पुलिस को दी. जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लिया और पुलिस द्वारा इसकी सूचना मौसम विभाग को दी गई. जिसे जरूरी प्रक्रिया पूरी कर यह उपकरण उन्हें सौंप दिया जाएगा.

जिले में लगातार दूसरी बार मिला सर्वेक्षण यंत्र

11 जुलाई को भी शाजापुर जिले के ग्राम मदाना के जंगल में इसी तरह का मौसम सर्वेक्षण उपकरण मिला था. अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह केवल वैज्ञानिक अनुसंधान का हिस्सा है और इससे किसी तरह का कोई खतरा नहीं है. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि यह 10 से 15 फीट बड़े हीलियम गुब्बारे के जरिए भेजा जाने वाला रेडियोसोंडे सेंसर उपकरण है. यह हवा में तापमान, वायुदाब, आर्द्रता और हवा की गति का डेटा रिकार्ड कर भोपाल स्थित मौसम केंद्र को भेजता है. तकनीकी खराबी या गुब्बारा फटने पर यह पैराशूट के सहारे सुरक्षित नीचे आ जाता है.

सावन के शुभारंभ पर पेंवची से निकलेगी कलश यात्रा

शुजालपुर, 29 जुलाई. सावन माह के शुभारंभ के साथ क्षेत्र में भगवान शिव की आराधना और कांवड़ यात्राओं का सिलसिला प्रारंभ हो रहा है. इसी क्रम में ग्राम पेंवची की मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं द्वारा गुरुवार को प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर, शुजालपुर के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयघोष के साथ जटाशंकर महादेव पहुंचकर जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन करेंगे.

आयोजकों के अनुसार कलश यात्रा के लिए सभी श्रद्धालुओं को सुबह 8 बजे ग्राम पेंवची स्थित शिवालय मंदिर में एकत्रित होने का आग्रह किया गया है. यहां पूजन के बाद सुबह 9 बजे कलश यात्रा का शुभारंभ होगा. यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें सिर पर कलश धारण कर भगवान भोलेनाथ के भजन-कीर्तन एवं हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जटाशंकर महादेव के लिए प्रस्थान करेंगी. आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र की प्राचीन परंपरा के अनुसार सावन माह में कांवड़िये पवित्र जल लाकर जटाशंकर महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक करते हैं. इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है. यात्रा के संबंध में श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि कलश एवं कांवड़ की व्यवस्था वे स्वयं अपने घर से करें. साथ ही अन्नदान के लिए प्रत्येक माता-बहन एक किलो गेहूं साथ लेकर आए, जो श्रद्धालु पैदल यात्रा करने में असमर्थ हैं, उनके लिए आने-जाने के लिए ट्रैक्टर की व्यवस्था भी की गई है. आयोजन समिति ने ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं से यात्रा में शामिल होकर व्यवस्था एवं सेवा कार्य में सहयोग करने की अपील की है. आयोजकों का कहना है कि सावन के पावन अवसर पर निकलने वाली यह कलश यात्रा धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का प्रतीक बनेगी. यात्रा के समापन पर प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक, पूजन एवं आरती संपन्न होगी. श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया गया है.

तीन सचिवों और रोजगार सहायकों को शोकाज देने के निर्देश

शाजापुर, 28 जुलाई. मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 109 आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की.

कलेक्टर को जनसुनवाई के दौरान आवेदकों ने उनकी समग्र आईडी जुड़वाने से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि उनकी समग्र आईडी डिलीट अथवा मृत घोषित किए जाने से उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. इस पर कलेक्टर ने लापरवाही करने वाले जनपद पंचायत शाजापुर की ग्राम पंचायत हिरपुरबज्जा, जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया की ग्राम पंचायत धतुरिया एवं जनपद पंचायत कालापीपल की ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के सचिवों एवं रोजगार सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए.

नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर आयोजित

शाजापुर, 28 जुलाई. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर की सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के नेतृत्व में गत दिवस वन स्टॉप सेंटर शाजापुर में विधिक जागरूकता एवं नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा ने सहभागिता कर नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी पर प्रकाश डाला और आगामी नेशनल लोक अदालत 12 सितम्बर 2026 के बारे में भी जानकारी दी. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की विधिक समस्या अथवा नि:शुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर शासन द्वारा प्रदत्त विधिक सेवाओं का लाभ प्राप्त करें.

एक नजर में — **अपडाउन के कारण बिगड़ी स्थिति, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के काम हो रहे प्रभावित**

मुख्यालय से नदारद पटवारी, जिम्मेदारों का नहीं ध्यान, किसान हो रहे परेशान

नलखेड़ा, 29 जुलाई. नगर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सबसे बड़ी परेशानी इन दिनों पटवारियों की मुख्यालय पर अनुपस्थिति बन गई है. शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रत्येक हल्का पटवारी अपने मुख्यालय पर रहकर किसानों के राजस्व संबंधी कार्यों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करे, लेकिन हकीकत इससे अलग नजर आ रही है. किसानों का आरोप है कि कई पटवारी अपने हल्के में रहने के बजाय दूसरे शहरों और कस्बों से रोजाना आना-जाना करते हैं. इससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे काम के लिए बार-बार तहसील और पटवारी की तलाश में भटकना पड़ रहा है.

किसानों का कहना है कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फसल संबंधी दस्तावेज, ऋण प्रकरण, बच्चों के स्कूल संबंधित कार्य और अन्य राजस्व कार्य महीनों तक लंबित पड़े रहते हैं. कई बार किसान सुबह से शाम तक पटवारी का इंतजार करते हैं, लेकिन वे मुख्यालय पर नहीं मिलते. मजबूर होकर उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ता है. ग्रामीणों का आरोप है कि कई पटवारियों का न तो मुख्यालय पर नियमित कार्यालय है और न ही उनके बैठने का निश्चित समय तय है. मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश करने पर अक्सर फोन बंद मिलता है या कॉल रिसीव नहीं की जाती. इससे किसानों की परेशानी और बढ़ जाती है. उनका कहना है कि एक छोटे से काम के लिए कई चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह का नुकसान उठाना पड़ता है.

ग्रामीण क्षेत्रों से कई शिकायतें सामने आ रही

नलखेड़ा के तहसील सहित जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों से भी इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं. किसानों का कहना है कि राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक देरी के कारण बैंक ऋण, फसल बीमा, भूमि रिकॉर्ड और अन्य जरूरी प्रक्रियाएं भी प्रभावित हो रही हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि इस स्थिति की जानकारी अधिकारियों को होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है. किसानों का कहना है कि यदि शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और पटवारियों की मुख्यालय पर नियमित उपस्थिति तय हो, तो अधिकांश समस्याओं का समाधान हो सकता है. किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी पटवारियों की मुख्यालय पर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, कार्यालय का समय निर्धारित किया जाए तथा बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए. ग्रामीणों का कहना है कि समय पर राजस्व सेवाएं मिलना उनका अधिकार है और इसमें लापरवाही नहीं की जानी चाहिए.

आदेश के बाद भी नहीं मिला हल्का...

तहसील के कुशलपुरा, लाडोन और सेमलखेड़ी हल्कों को लेकर जारी प्रशासनिक आदेश के बाद भी नए पटवारियों को अब तक विधिवत प्रभार नहीं मिल पाया है. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुसनेर ने 13 जुलाई 2026 को जारी आदेश में राहुल मालवीय को लाडोन-28 एवं पिपल्यासेत-33 तथा अजयपाल सिंह भदौरिया को सेमलखेड़ी-13 व कुशलपुरा हल्का क्रमांक-32 का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था. आदेश में तत्काल प्रभाव से प्रभार ग्रहण कर कार्यालय को सूचित करने के निर्देश भी दिए गए थे. ग्रामीणों का आरोप है कि आदेश जारी होने के बावजूद संबंधित हल्कों का प्रभार अब तक नए पटवारियों को नहीं मिला है. इससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अन्य राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं. किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से तहसील और पटवारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा.

युवक ने गटका जहर, मौत, पुलिस ने मामला दर्ज किया

शाजापुर, 29 जुलाई. जिला अस्पताल में मंगलवार को इलाज के दौरान सारंगपुर थाना क्षेत्र के बलोड़ी गांव निवासी 23 वर्षीय लक्ष्मण पिता बाबूलाल की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई. युवक की शादी एक महीने पहले ही हुई थी. जहरीला पदार्थ खाने से पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें हाथ में सल्फास की गोलियां नजर आ रही थीं और गाना. 'चला गया चांद कहां आसमां को छोड़ के. ' हालांकि उसने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है. शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है. बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया. पुलिस मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है.